Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding smooth and unhindered implementation of development works in villages by Panchayati Raj Institutions -laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): भारत सरकार का ग्राम पंचायतो को सशक्त करने का अभियान लगातार चल रहा है इसी से ग्राम स्वराज की कल्पना साकार होगी । ग्राम पंचायतो को सीधा उनके खातो में विकास के काम के लिए पैसा स्थानान्तरित करने का अभिनव प्रयोग सरकार ने किया है । मैं उसके लिए सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूँ इससे गांव की आवश्यकता के अनुरूप विकास के काम प्रारंभ हुये हैं । परन्तु मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा राजस्थान में ग्राम पंचायतो में सचिव / ग्राम विकास अधिकारी की कमी के चलते आम आदमी के काम तथा विकास कार्य प्रभावित हो रहे है । मैं इस ओर पंचायतराज मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र की अनेक पंचायतो में ग्राम सचिवों / ग्राम विकास अधिकारियों की कमी के कारण सभी कार्य ठप्प है । दिशा की बैठक में भी ऐसे कई मामले आये है परन्तु उनका निस्तारण नही हुआ । भारत सरकार राज्य सरकारो एवं जिला प्रशासन को सीधे निर्देशित करे कि ग्राम पंचायतो में सरकार की योजनाएं एवं आम आदमी के रोजमर्रा के काम निर्बाध गति एवं निष्पक्ष रूप से संचालित हो इससे ग्रामीणजन ग्राम स्वराज की कल्पना को साकार होने दें ।